Printed Pages – 4

# I-229

## B.Sc. (Part-III) Supplementary/Special Examination, 2021

**(Foundation Course)**

**Paper - I**

## HINDI BHASHA

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Pass Marks : 25***

**नोट :** (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के सम्मुख उनके अंक अंकित किए गए हैं।

(2) प्रत्येक इकाई के दोनों खण्डों (क एवं ख) से प्रश्न हल करना अनिवार्य है। प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

**इकाई–क**

**Q. 1.** (क) ''परशुराम की प्रतीक्षा'' कविता के सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों की विवेचना करते हुए कविता का प्रतिपाद्य लिखिए। **8**

**अथवा**

वैश्वीकरण के दौर में सभी संस्कृतियाँ एक-दूसरे को किस तरह प्रभावित कर रही हैं? समझाइए।





(ख) कथन की शैली का आशय स्पष्ट करते हुए मूल्यांकन शैली को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। **7**

**अथवा**

व्याख्यात्मक शैली किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

**इकाई–ख**

**Q. 2.** (क) ''विकास मात्र आमदनी से जुड़ा नहीं है, बेहतर जीवन आमदनी से कुछ और भी है।'' कथन को स्पष्ट कीजिए। **8**

**अथवा**

प्रौद्योगिकी और सभ्यता मानव समाज को कैसे प्रभावित करते हैं? लिखिए।

(ख) विनम्रता सूचक संरचना से क्या अभिप्राय है? उदाहरण सहित लिखिए। **7**

**अथवा**

निषेधपरक संरचना की परिभाषा लिखते हुए पाँच उदाहरण लिखिए।

**इकाई–ग**

**Q. 3.** (क) ''प्रौद्योगिकी समाज के लिए वरदान भी है और अभिशाप भी।'' कथन की समीक्षा कीजिए। **8**

**अथवा**

"मानव जीवन में प्रगति, पर्यावरण में अनेक समस्याएँ उत्पन्न करने के मूल्य पर प्राप्त हुई हैं।" कथन के संदर्भ में अपने विचार लिखिए।

(ख) कार्यालयीन पत्र किसे कहते हैं? परिपत्र का नमूना लिखिए। **7**

**अथवा**

पृष्ठांकन को परिभाषित करते हुए इसका एक प्रारूप तैयार कीजिए।

**इकाई–घ**

**Q. 4.** (क) भारत में जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न समस्याओं पर प्रकाश डालिए। **8**

**अथवा**

भारत के परिप्रेक्ष्य में गरीबी के मुख्य कारणों का उल्लेख करते हुए समाधान के उपाय सुझाइए।

(ख) अनुवाद किसे कहते हैं? इसके स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए अनुवाद के महत्व को स्पष्ट कीजिए। **7**

**अथवा**

अनुवादक किसे कहते हैं? अनुवादक को किस प्रकार की अनुवाद प्रक्रिया अपनानी चाहिए।





**इकाई–ङ**

**Q. 5.** (क) ऊर्जा के पारम्परिक और गैर-पारम्परिक स्रोतों का उल्लेख कीजिए। **8**

**अथवा**

किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(i) सौर ऊर्जा

(ii) ऊर्जा के मात्रक

(iii) ऊर्जा और विकास

(ख) प्रतिवेदन का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसकी उपयोगिता पर सारगर्भित लेख लिखिए। **7**

**अथवा**

निमंत्रण-पत्र का आशय स्पष्ट करते हुए अपने नवनिर्मित भवन के उद्घाटन उत्सव हेतु निमंत्रण पत्र तैयार कीजिए।